स्पाइस मनी ग्रामीण उद्यमियों के लिए लाया जीरो इन्वेस्टमेंट पर व्यापार का अवसर

मुंबई, जेएनएन। ग्रामीण फिनटेक कंपनी स्पाइस मनी ने घोषणा की है कि यह ग्रामीण उद्यमियों के लिए अपनी तरह का अनूठा जीरो इन्वेस्टमेंट एंट्री प्रोग्राम लेकर आई है। इससे ग्रामीण उद्यमियों को बिना किसी लागत के स्पाइस मनी अधिकारी नेटवर्क का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। इस सीमित अवधि के जीरो इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के माध्यम से स्पाइस मनी पूरे देश के एक करोड़ से ज्यादा ग्रामीण उद्यामियों को वित्तीय व डिजिटल तौर पर सशक्त करेगी और इससे अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कम्पनी का डिजिटल पेमेंट ईकोसिस्टम मजबूत बनेगा। हाल में केन्द्र के बजट में वित्त मंत्री ने डिजिटल पेमेंट्स पर सरकार के फोकस का उल्लेख किया था। स्पाइस मनी के फाउंडर दिलीप मोदी ने कहा, जीरो इन्वेस्टमेंट एंट्री प्रोग्राम के जरिए अर्धशहरी और ग्रामीण भारत के युवाओं को स्पाइस मनी अधिकारी बनने का मौका बिना किसी लागत के मिलेगा। इस प्रोग्राम से स्पाइस मनी नेटवर्क का विस्तार होगा और बैंकों व अन्य सुविधाओं से वंचित समुदायों विशेषकर देश के दूरस्थ इलाकों में रह रहे लोगों को जरूरी डिजिटल, वित्तीय और ई-रिटेल सेवाएं मिल सकेंगी। यह पहल युवा उद्यमियों को अपनी खुद की डिजिटल दुकान के जरिए खुद की आजीविका कमाने में सहयोग करने और इसके माध्यम से भारत के डिजिटल और वित्तीय भविष्य को सुरक्षित रखने का एक और प्रयास है। अभिनेता सोनू सूद ने कहा, स्पाइस मनी की तकनीकी विशेषज्ञता और इसके डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सहायता से मुझे सभी भारतीयों विशेषकर कम विकसित क्षेत्रो में रहने वालों के लिए सामजिक आर्थिक आजादी के विजन को पूरा करने में मदद मिल रही है।